मुझे लगता है कि ज्यादातर खिलाड़ियों को टेस्ट मैचों के लिए टी20, आईपीएल या वनडे में उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना जाता है। बहुत कम खिलाड़ी ऐसे होते हैं जिन्हें रणजी मैचों में उनके प्रदर्शन के आधार पर चुना जाता है। – **चेतेश्वर पुजारा**

भारतीय खिलाड़ी, क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा करते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

आर. प्रज्ञानंनदा

फिडे की सितंबर 2025 महीने की रैंकिंग जारी हो गई है। इस दौरान भारत के स्टार खिलाडी आर प्रज्ञाननंदा ने अपने करियर के सर्वोच्च रैंकिंग हासिल की है। प्रज्ञाननंदा 2785 के साथ चौथे नंबर पर पहुंचकर भारत के सर्वोच्च रेटिंग वाले क्लासिकल खिलाड़ी का खिताब अपने नाम किया है। यह बढ़त सिंकफील्ड कप में उनके दूसरे स्थान पर रहने से और भी बढ़ गई है। इससे पहले अगस्त में उनकी रेटिंग 6 अंक की थी। वहीं इस रैंकिंग में एक बार फिर नॉर्वे के खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन टॉप पर हैं। हालांकि, अब चैंपियन नहीं है।

क्या आप जानते हैं ?... जयसूर्या ने एशिया कप में सबसे ज्यादा 6 शतक लगाए हैं। दूसरे नंबर पर विराट कोहली हैं, लेकिन कोहली इस साल टी–20 संन्यास लेने की वजह से एशिया कप में नहीं खेलेंगे।

रोहित, गिल और बुमराह ने पास किया फिटनेस टेस्ट

नई दिल्ली, 1 सितंबर। प्री–सीजन फिटनेस टेस्ट में भारत के एशिया कप प्लेयर्स भी शामिल हुए। उप–कप्तान शुभमन गिल, जसप्रीत बुमराह, भी टेस्ट पूरा करके 1 में खेलने को तैयार हैं। मोहम्मद सिराज, यशस्वी जायसवाल, वॉशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर ने भी फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है।

फिटनेस टेस्ट में 2 स्कैन भी हुआ प्री–फिटनेस टेस्ट में खिलाड़ियों के लिए यो–यो टेस्ट के साथ ड्यूल–एनर्जी एक्स–रे भी हुआ। 2 एक मेडिकल इमेजिंग टेस्ट है, जो कम डोज वाली एक्स–रे किरणों से हड्डियों की मजबूती, शरीर में फैट और मांसपेशियों की मात्रा मापता है। यह चोटों, खासकर फ्रैक्चर के जोखिम का पता लगाने में मदद करता है। रोहित, शार्दुल और सिराज के अलावा सभी प्लेयर्स एशिया कप में रोहित शर्मा, शार्दुल ठाकुर और मोहम्मद सिराज को छोड़कर, बाकी सभी खिलाड़ी जल्द ही दुबई के लिए रवाना होंगे, जहां एशिया कप 9 सितंबर से शुरू हो रहा है। भारत का पहला मैच 10 सितंबर को 1 के खिलाफ होगा।

टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और रोहित शर्मा के लिए यह फिटनेस टेस्ट महत्वपूर्ण था। गिल हाल ही में इंग्लैंड दौरे के बाद बुखार के कारण दलीप ट्रॉफी से हट गए थे। जहां उन्हें नॉर्थ जोन का कप्तान बनाया गया था। दूसरी ओर, टेस्ट हुए वनडे से संन्यास ले चुके रोहित शर्मा को फिटनेस साबित करने के लिए यह टेस्ट देना जरुरी था। वे कुछ दिन और बेंगलुरु के 3 में ट्रेनिंग करेंगे।

रोहित मार्च से इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर हैं। उन्होंने आखिरी इंटरनेशनल मैच 9 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल खेला। इसमें उन्होंने 83 गेंदों पर 76 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

सोनी बेकर द. अफ्रीका के खिलाफ करेंगे अंतर्राष्ट्रीय एकदिवसीय क्रिकेट में डेब्यू

हेडिंग्ले, 1 सितंबर। हैम्पशायर के तेज गेंदबाज सोनी बेकर मंगलवार को दक्षिण अफ्रीका के साथ इंग्लैंड की एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करेंगे। 22 वर्षीय बेकर ने अब तक केवल 11 लिस्ट ए मैच खेले हैं, लेकिन हंड्रेड के दौरान उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। उन्होंने मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के लिए 145 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हुए सात मैचों में नौ विकेट लिए। उन्होंने सर्दियों में लायंस के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन किया और इस साल की शुरुआत में उन्हें इंग्लैंड का अनुबंध मिला। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपना पहला एकदिवसीय मैच खेल रहे जोफ्रा आर्चर और ब्रायडन कार्से इंग्लैंड के तेज गेंदबाजी आक्रमण में उनके साथ शामिल होंगे। हैरी ब्रुक दूसरी श्रृंखला में एकादश की कप्तानी कर रहे हैं, जेमी स्मिथ और बेन डकेट अपनी सलामी जोड़ी बनाये रखा गया है। पहले एकदिवसीय मैच के लिए इंग्लैंड की एकादश इस प्रकार है:– जेमी स्मिथ, बेन डकेट, जो रूट, हैरी ब्रुक (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), जैकब बेथेल, विल जैक्स, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद और सन्नी बेकर।

दलीप ट्रॉफी 2025 फाइनल : विवाद के बाद बीसीसीआई का बड़ा फैसला, टेलीकास्ट होगा फाइनल मैच

नई दिल्ली, 1 सितंबर। दलीप ट्रॉफी 2025 के टेलीकास्ट को लेकर बीसीसीआई से फैंस नाराज हैं। लेकिन अब बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने पुष्टि की है कि दलीप ट्रॉफी 2025 का सीधा प्रसारण किया जाएगा। बता दें कि,बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई के सीओई में आयोजित क्वार्टर फाइनल 1 और 2 का न तो सीधा प्रसारण किया गया और ना ही लाइव स्ट्रीमिंग की गई। जिससे फैंस खासे नाराज हैं।

वहीं बता दें कि,दलीप ट्रॉफी का फाइनल 11– 14 सितंबर तक होना है। गौरतलब है कि देश के दूसरे सबसे प्रतिष्ठित घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मैचों का ना तो सीधा प्रसारण किया गया और ना ही किसी प्लेटफॉर्म पर इसकी कोई हाईलाइट दिखाई गई जिस कारण फैंस काफी नाराज हुए। क्वार्टर फाइनल में देश के कई सितारें भी मैदान पर उतरे थें जिनका प्रदर्शन फैंस देखना चाहते थे जो कि नहीं हो पाया।

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि बोर्ड का प्रसारणकर्ता के साथ एक समझौता हुआ है जिसके तहत 100 दिनों के घरेलू क्रिकेट को कवर किया जाएगा। उन्होंने दावा किया है कि घरेलू क्रिकेट को अत्यधिक महत्व देता है और यही कारण है कि ज्यादातर भारतीय खिलाड़ी इन टूर्नामेंटों में भाग लेते हैं। दलीप ट्रॉफी फाइनल का सीधा प्रसारण होगा।

सूत्रों के अनुसार,बीसीसीआई का प्रसारणकर्ता के साथ अनुबंध भारतीय क्रिकेट के प्रसारण के लिए केवल एक निश्चित संख्या में दिनों की अनुमति देता है। सूत्र ने ये भी बताया कि दलीप ट्रॉफी फाइनल के अलावा किसी भी मैच का प्रसारण या लाइव स्ट्रीमिंग नहीं की जाएगी। बीसीसीआई का अपने आधिकारिक प्रसारणकर्ता के साथ भारतीय क्रिकेट के प्रसारण के लिए एक निश्चित संख्या में दिनों का अनुबंध है। इनका प्रबंधन सावधानी पूर्वक करना होता है।

आईसीसी ने महिला एकदिवसीय विश्व कप के लिए पुरस्कार राशि में चार गुना वृद्धि की

दुबई, 1 सितंबर। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए भारत में 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले आगामी महिला एकदिवसीय विश्वकप के लिए पुरस्कार राशि में चार गुना से अधिक की वृद्धि की है। आईसीसी द्वारा आज की गई घोषणा के अनुसार, न्यूजीलैंड में 2022 में खेले गए इस टूर्नामेंट के पिछले संस्करण में कुल पुरस्कार राशि 35 लाख अमेरिकी डॉलर थी। जिसे इस बार बढ़ाकर कुल 138.8 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 117.74 करोड़ रुपये) कर दिया है। यह राशि 2023 में होने वाले पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए निर्धारित पुरस्कार राशि एक करोड़ अमेरिकी डॉलर (लगभग 88 करोड़ रुपये) से भी अधिक है।

आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने कहा, यह घोषणा महिला क्रिकेट के सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। पुरस्कार राशि में यह चार गुना वृद्धि महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है और इसके दीर्घकालिक विकास के प्रति हमारी स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारा संदेश सरल है, महिला क्रिकेटरों को यह पता होना चाहिए कि अगर वे इस खेल को पेशेवर रूप से चुनेंगी तो उनके साथ पुरुषों के समान व्यवहार किया जाएगा। आईसीसी ने टूर्नामेंट के प्रत्येक चरण के लिए पुरस्कार राशि में भी वृद्धि की है।

विश्वकप विजेता को अब 44.8 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 39.42 करोड़ रुपये) मिलेंगे। यह 2022 में ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को मिली 13.2 लाख अमेरिकी डॉलर (11.62 करोड़ रुपये) की राशि से दोगुना से अधिक है। उपविजेता टीम को 22.4 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 19.71 करोड़ रुपये) मिलेंगे। हारने वाले दोनों सेमीफाइनलिस्टों को 11.2 लाख अमेरिकी डॉलर (9.86 करोड़ रुपये) मिलेंगे।

ग्रुप–स्टेज में प्रत्येक जीत के लिए विजेताओं को 34,314 अमेरिकी डॉलर (30.2 लाख रुपये) मिलेंगे। पांचवें और छठे स्थान पर रहने वाली टीमों को सात लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 6.16 करोड़ रुपये) मिलेंगे, जबकि सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमों को 2,80,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 2.46 करोड़ रुपये) मिलेंगे। प्रत्येक भाग लेने वाली टीम को 2,50,000 अमेरिकी डॉलर (करीब 2.20 करोड़ रुपये) की राशि की गारंटी दी गई है। आठ टीमों का यह प्रमुख टूर्नामेंट 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा।

दक्षिण कोरिया ने बांग्लादेश को, मलेशिया ने चीनी ताइपे को हराया

राजगीर (बिहार), 1 सितंबर। दक्षिण कोरिया ने सोमवार को बंगलादेश को हराकर एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। वहीं मलेशिया की टीम ने चीनी ताइपे को एकतरफा मुकाबले में 15–0 से रौंदा। आज यहां बिहार स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी हॉकी स्टेडियम, खेले गये क्वार्टर फाइनल के ग्रुप बी में दक्षिण कोरिया ने बंगलादेश को 5–1 के विशाल अंतर से पराजित कर सुपर फोर में अपनी जगह पक्की कर ली है। मैच की शुरुआत से ही दक्षिण कोरियाई टीम ने अपनी आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। टीम के स्टार खिलाड़ी डेन सोन ने शानदार मैदानी गोल दागकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दो मिनट बाद ही कोरिया ने पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में भी दक्षिण कोरिया का दबदबा बना रखा। 16वें मिनट में सिंगबू ली ने मैदानी गोल दागकर स्कोर 3–0 कर दिया।

सबालेंका, जोकोविच, अल्काराज यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में

न्यूयॉर्क, 1 सितंबर। विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका, सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और स्पेन के दिग्गज कार्लोस अल्काराज ने अपने–अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में एकल वर्ग के मुकाबले में सबालेंका ने स्पेन की क्रिस्टीना बुक्सा को 6–1, 6–4 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

जेआरपीसी ने जीती गोल्डन पीकॉक ट्रॉफी

जयपुर, 1 सितम्बर। गोल्डन पीकॉक ट्रॉफी – ग्रैंड फिनाले जेआरपीसी मानसून पोलो सीज़न का समापन एक नाटकीय मुकाबले के साथ हुआ, जहाँ अप्रत्याशित मौसम के कारण एक रोमांचक पेनल्टी शूटआउट हुआ। दबाव और तेज़ बारिश के बीच, टीम जेआरपीसी ने अपना धैर्य बनाए रखा और सटीकता और संयम के साथ जीत हासिल की। विजेता टीम में सवीर, दिव्यमान, मेजर किरण और बलबीर शामिल थे, जिनके तालमेल और कौशल ने मैदान को जगमगा दिया। संयुक्त उपविजेता रही टीम जाजू पोलो: ध्रुवपाल, अमित, स्वास्तिक और टीम संरक्षक सूरज जाजू ओर टीम तोपची: लेफ्टिनेंट कर्नल गौतम, कैप्टन प्रिंसपाल, हवलदार इरफान और गनर लाल सिंह मेजर किरण गोले को विशेष सलाम, जिन्हें उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और मैदान पर निरंतर शानदार प्रदर्शन के लिए सीज़न के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। मानसून पोलो सीज़न के समापन के साथ, अब जेआरपीसी में विंटर पोलो की भव्यता और ऊर्जा का बेसब्री से इंतज़ार के साथ यह विरासत जारी रहेगी।

जेमी ओवरटन ने टेस्ट क्रिकेट से लिया ब्रेक

लंदन, 1 सितंबर। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ऑराउंडर जेमी ओवरटन ने सोमवार को शारीरिक क्षमता का हवाला देते हुए टेस्ट क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने की घोषणा की। जेमी ओवरटन ने आज सोशल मीडिया मंच पर अपनी पोस्ट में लिखा, काफी सोच–विचार के बाद, मैंने लाल गेंद वाले क्रिकेट से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने का फैसला किया है। मैं खुद को बेहद भाग्यशाली मानता हूं कि मैंने इंग्लैंड के लिए दो टेस्ट मैचों सहित 99 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं।

उन्होंने कहा, लाल गेंद वाले प्रथम श्रेणी क्रिकेट ने मेरे पेशेवर करियर की नींव रखी है और अब तक मुझे खेल में मिले हर अवसर का प्रवेश द्वार रहा है।

आर्यमन सिंधिया एमपीसीए के अध्यक्ष चुने गये

नई दिल्ली, 1 सितंबर। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे और ग्वालियर संभाग क्रिकेट संघ (जीडीसीए) के उपाध्यक्ष महान आर्यमन सिंधिया को मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया है। इसके साथ ही, ग्वालियर के पूर्व राजघराने की तीसरी पीढ़ी के 29 वर्षीय वंशज के सूबे के क्रिकेट संगठन की कमान संभालने का रास्ता साफ हो गया है। महान आर्यमन वर्ष 1957 में स्थापित एमपीसीए के इतिहास के सबसे युवा अध्यक्ष के रूप में इस संगठन की बागडोर संभालने के लिए तैयार हैं। एमपीसीए के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (सीएओ) रोहित पंडित ने सोमवार को 'पीटीआई–भाषा' को बताया कि एमपीसीए चुनावों में अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी के सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ और इस तरह पूरी कार्यकारिणी सर्वसम्मति से चुन ली गई है। उन्होंने बताया कि एमपीसीए की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी पर दो सितंबर (मंगलवार) को आयोजित वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) में अंतिम मुहर लग जाएगी जिसके बाद कार्यकारिणी के पदाधिकारी अपना कार्यभार संभालेंगे। पंडित ने बताया कि एमपीसीए की नयी कार्यकारिणी में विनीत सेठिया उपाध्यक्ष, सुधीर असनानी सचिव, अरुंधति किरकिरे संयुक्त सचिव और संजीव दुआ कोषाध्यक्ष चुने गए हैं। उन्होंने बताया कि एमपीसीए की प्रबंध समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों में संध्या अग्रवाल, प्रसून कनमड़ीकर, राजीव रिसोड़कर और विजेश राणा शामिल हैं, वहीं क्रिकेट समिति में प्रदीप बनर्जी, रमणीक पटेल और अभय लघाटे को जगह दी गई है। एमपीसीए के निवर्तमान अध्यक्ष अभिलाष खांडेकर ने पीटीआई– से कहा, पिछले छह साल के दौरान एमपीसीए ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। मुझे उम्मीद है कि महान आर्यमन सिंधिया के नेतृत्व वाली नवनिर्वाचित कार्यकारिणी एमपीसीए को नयी ऊंचाइयों पर ले जाएगी। क्रिकेट के गलियारों में महान आर्यमन की सक्रियता गुजरे तीन सालों में लगातार बढ़ती देखी गई है। महान आर्यमन 2022 में जीडीसीए के उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए थे। उन्हें 2022 में ही एमपीसीए का आजीवन सदस्य बनाया गया था। महान आर्यमन सूबे की टी20 क्रिकेट लीग मध्यप्रदेश लीग के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने 2024 में अपने गृहनगर ग्वालियर से एमपीएल की शुरुआत की थी। वैसे सिंधिया परिवार लम्बे वक्त से सूबे के क्रिकेट प्रशासन में है और एमपीसीए पर इस परिवार का पिछले कई दशकों से वर्चस्व बरकरार है।

गोल्ड मेडल इंडियन जूनियर ओपन स्क्वैश

राजस्थान के डेढ़ दर्जन से ज्यादा खिलाड़ी क्वालीफायर के दूसरे दौर में

जयपुर, 1 सितम्बर। श्लोक सोमानी, हविश खेतान, सम्यक शाह, ध्रुव सोनी और समर देवरवाल समेत राजस्थान डेढ़ दर्जन से ज्यादा खिलाड़ियों ने सोमवार को यहां शुरू हुए गोल्ड मेडल इंडियन जूनियर ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट के क्वालिफायर के दूसरे राउण्ड में प्रवेश कर लिया। क्वालिफायर के पहले राउण्ड में श्लोक सोमानी ने समवेग सिंह बैद को 3–0 से, हविश खेतान ने दिवित गलुंडिया को 3–0 से, सम्यक शाह ने युवराजदित्य सिंह को 3–1 से, ध्रुव सोनी ने ज्योतिरादित्य प्रधान को 3–0 से और समर देवरवाल ने चिन्मय अग्रवाल को 3–0 से पराजित कर दूसरे राउण्ड में प्रवेश किया।

पहले दिन खेले क्वालिफायर के पहले दौर के अन्य मुकाबलों में नैतिक बुन्देला ने माधव खण्डेलवाल को 3–0 से, गौरव जैन ने जय मल्होत्रा को 3–0 से, नैविद्य जैन ने शहरयार नफीस को 3–0 से, सिद्धांत मुर्जानी ने ऋदव बैद को 3–0 से, प्रथम चौधरी ने रिधान जैन को 3–0 से, कबीर आर्या ने वीर लायल को 3–0 से, अमय महाजन ने अभय मिर्धा को 3–0 से, अध्रितवर्धन शर्मा ने आर्जव जैन को 3–0, करण मक्कड़ ने निवान को 3–0, विवान सांड ने यशवीर चौधरी को 3–0 से, कीरथ ग्रोवर ने जिन्नी शाह मलानी को 3–0 से, रिशान जालोरी ने जैत्र धूत को 3–0 से हरा अगले राउण्ड में प्रवेश किया। स्क्वैश रैकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया की उपाध्यक्ष सुरभि मिश्रा के अनुसार क्वालिफायर के दूसरे और तीसरे दौर के मुकाबले 2 और 3 सितम्बर को खेले जाएंगे और 3 सितम्बर को सायं से मुख्य ड्रॉ के मैच शुरू होंगे।

8वीं सीनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता

पुरुष एवं महिला वर्गों में बीकानेर टीम रही विजेता



जयपुर, 1 सितम्बर। राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ एवं कोटा जिला बॉल बैडमिंटन संघ के द्वारा 8वीं सीनियर राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला वर्ग) का आयोजन दिनांक 29 अगस्त से 31 अगस्त 2025 तक महाराव उम्मेदसिंह स्टेडियम, कोटा में आयोजित किया गया। राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ के महासचिव के अनुसार रविवार को पुरुष वर्ग में पहला सेमीफइनल मैच में बीकानेर ने कोटा को हराया और दूसरे सेमीफइनल मैच में चूरू ने टोंक को हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। फ़ाइनल मैच में बीकानेर ने चूरू को सीधे सेटों में 35–21, 35–20 पॉइंट्स से हराया और विजेता रहा।

महिला वर्ग में पहला सेमीफइनल मैच में बीकानेर ने जयपुर को हराया और दूसरे सेमीफइनल मैच में चूरू ने चित्तौरगढ़ को हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। फ़ाइनल मैच में बीकानेर ने चूरू को तीन सेटों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 33–35, 35–20, 35 –29 पॉइंट्स से हराया और लगातार पांचवी बार ख़िताब पर कब्ज़ा किया। तृतीत स्थान पर पुरुष वर्ग में टोंक एवं कोटा रहे एवं महिला वर्ग में जयपुर एवं चित्तौरगढ़ रहें।

प्रतियोगिता के अंतिम परिणाम

पुरुष वर्ग में बीकानेर प्रथम, चूरू द्वितीय, टोंक और कोटा तृतीय स्थान पर रहें। महिला वर्ग में बीकानेर प्रथम, चूरू द्वितीय, जयपुर एवं चित्तौरगढ़ तृतीय स्थान पर रहें। प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी महिला वर्ग में बीकानेर से सलोनी और पुरुष वर्ग में बीकानेर से सिद्धार्थ रहें एवं सर्वश्रेष्ठ उभरते खिलाडी महिला वर्ग में चूरू से विभा एवं पुरुष वर्ग में चूरू से राजकुमार रहें। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व शहरी विकास एवं आवास मंत्री,राजस्थान सरकार एवं वर्तमान कोटा उत्तर से विधायक शांति धारीवाल रहें। उन्होंने फ़ाइनल खेलने वाली टीमों से परिचय प्राप्त किया और सभी विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमों के खिलाड़ियों पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डॉ. राजपाल शर्मा, महासचिव शौकत अली मन्सूरी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को बधाई एवं शुभकामनायें दी।

राज्य सीनियर महिला टी-20 टीम के संभावितों का प्रशिक्षण शिविर कल से

जयपुर, 1 सितम्बर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025–26 की सीनियर महिला टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीम के संभावितों का प्रशिक्षण शिविर आगामी 3 सितम्वर 2025 से जयपुर में आयोजित होगा। संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार राजस्थान महिला चयन कमेटी ने आरसीए द्वारा आयोजित राज्य सीनियर वीमेन 20 ट्रॉफी व वीमेन टी 20 चैलेंजर ट्रॉफी में प्रदर्शन के आधार पर राज्य सीनियर वीमेन टीम के संभावितों के प्रशिक्षण शिविर हेतु खिलाडियों का चयन किया।राज्य सीनियर महिला टी 20 टीम के संभावितों का प्रशिक्षण शिविर आगामी 3–15 सितम्बर 2025 के दौरान जयपुर में आयोजित होगा। प्रशिक्षण शिविर हेतु चयनित खिलाडी :–आयुषी गर्ग, सुमित्रा जाट, डिंपल कँवर, चंद्र ज्योत्सना भाटी, आरजू, कंचन हुड्डा, संगीता कुमावत, तनूजा वैष्णव, सिद्धि पवन शर्मा, सुमन मीणा, ज्योति चौधरी, उषा परेरिया, सोनल कलाल, शानू सेन, कौशल्या चौधरी, अक्षिता माहेश्वरी, प्रीती कपूर, बबिता मीणा, अर्चना सैनी, गंगा, भावना मीणा, अर्चना योगी, याना वर्मा, प्रियांशी चौधरी, वृंदा शर्मा, प्रिया यादव, रिज़ा शेख, अंशु सैनी।

आरसीए एडहॉक कमेटी के प्रयासों से 19 साल बाद आरसीए अकादमी स्थित जिम का कायाकल्प : डी.डी. कुमावत

जयपुर, 1 सितम्बर। राजस्थान क्रिकेट संघ के सवाई मान सिंह स्टेडियम स्थित आरसीए अकादमी परिसर में स्थापित जिम को लम्बे समय के बाद खिलाडियों के शारीरिक प्रशिक्षण की आवश्यकताओं के अनुरूप पुन: सुचारु रूप उपलब्ध कराने हेतु आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के निर्देशानुसार आरसीए जिम के सभी उपकरणों के मेंटिनेंस कार्य को पूर्ण किया गया साथ ही जिम के रेनोवेशन के कार्य को पूरा कर आज एडहॉक संयोजक डी डी कुमावत , सदस्य आशीष तिवाड़ी व पूर्व टेस्ट खिलाडी पंकज सिंह व राजस्थान रणजी टीम के पूर्व कप्तान राहुल कांवट ने आरसीए जिम का उद्धघाटन किया।

सयोजक डी डी कुमावत के अनुसार पिछले लम्बे समय से खिलाडियों द्वारा समय समय पर आरसीए को जिम के उपकरणो की मेंटिनेंस व जिम की ख़राब स्थिति की जानकरी दे जारहे थी जिसपर पूर्व में कोई कार्यवाही नहीं को गयी थी , जब से हमारी नवगठित एडहॉक कमेटी ने कार्यभार संभाला है हमारा प्रयास है की हम राज्य के युवा खिलाडियों को उच्च स्तर पर खेल वातावरण व सुविधाएं उपलबध कराएं जिससे उन्हें बेहतर प्रशिक्षण प्राप्त हो। इसे कड़ी में हमने आरसीए के जिम के उपकरणों की मेंटिनेंस व रेनोवेशन के कार्य को प्राथमिकता देते हुए उसे खिलाडियों के प्रशिक्षण हेतु पुन: रेनोवेट कर खिलाडियों को प्रशिक्षण हेतु सुपुर्द किया। सदस्य आशीष तिवाड़ी ने कहा की हम लगातार खेल सुविधाओं के विकास व विस्तार हेतु कार्य कर रहे है व आज से आरसीए जे जिम को राज्य के युवा खिलाडियों की शारीरक प्रशिक्षण की आवश्यकता के अनुसार खिलाडियों के उपयोग हेतु उपलब्ध कराया जा रहा है। पूर्व टेस्ट खिलाडी व आरसीए पुरुष टीमों मेंटर पंकज सिंह व पूर्व रणजी कप्तान व आरसीए सीनियर चयन कमेटी चेयरमैन राहुल कांवट ने आरसीए एडहॉक कमेटी द्वारा आरसीए जिम के उपकरणों के मेंटिनेंस व रिनोवेशन की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा की जिम के उपकरणों की मेंटिनेंस व रेनोवेशन से न केवल राज्य के युवा खिलाडियों को उच्च स्तरीय जिम की सुविधा प्राप्त होगी साथ ही जिम में प्रशिक्षित ट्रेनर के निर्देशन में खिलाडियों की शारीरिक क्षमता में भी इजाफा होगा जिसका लाभ उनके प्रदर्शन में भी देखने को मिलेगा।

राष्ट्रीय सीनियर रणजी ट्रॉफी का प्रशिक्षण शिविर नाथद्वारा में

आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआई की आगामी राष्ट्रिय सीनियर रणजी ट्रॉफी में भाग लेने वाली राजस्थान टीम के संभावितों का प्रशिक्षण शिविर नाथद्वारा के मदन पालीवाल (मिराज) स्टेडियम पर आयोजित किया जायेगा। संयोजक के अनुसार राजस्थान टीम को रणजी ट्रॉफी की पूर्व तैयारियों हेतु उच्च स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं व खेल मैदान उपलब्ध कराने हेतु आरसीए एडहॉक कमेटी पूर्ण रूप से प्रयासरत है व हमारा पूर्ण प्रयास है की राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाले संभावित खिलाडियों को बेहतर से बेहतर प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध हो जिससे राज्य के प्रतिभावान खिलाडियों को बीसीसीआई की राष्ट्रिय प्रतियोगिताओं की तैयारियां हेतु शानदार खेल वातावरण मिले।